हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 27 जुलाई 2025

06 प्रशासनिक उदासीनता और लापरवाह लोग जामनी...



09 मोरावन के बृजेश को मिली सबसे बड़ी जीत,243...





## खबर संक्षेप

### युवा संगम का आयोजन 28 को होगा आयोजित

**सागर।** युवाओं को रोजगार एंव स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार विभाग तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग द्वारा संयुक्त रूप से युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 28 जुलाई को प्रातः 11 बजे से सहोद्रा राय शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय परिसर सागर में किया जा रहा है। आयोजित युवा संगम कार्यक्रम में रोजगार मेला तथा अप्रेन्टिसशिप मेला के माध्यम से निजी क्षेत्र की कंपनियो के प्रतिनिधियों द्वारा उपस्थित आवेदको का साक्षात्कार लेकर चयन किया जावेगा। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न स्वरोजगार योजनाओ की जानकारी तथा ऋण उपलब्ध कराया जायेगा।

### सीताराम लेखन के लिए निशुल्क कॉपी प्राप्त करें

**सागर।** श्री सीताराम बैंक जिला शाखा सागर के सहव्यवस्थापक पं ब्रजेश द्विवेदी ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि डाइट सिरोंजा सागर परिसर स्थित मंदिर में विराजमान सिद्ध श्री संकट मोचन सरकार की प्रेरणा एवं विशेष कृपा से अप्रैल 2012 में भक्तो के द्वारा श्री सीताराम नाम लेखन प्रारंभ किया जो 18 बार सवा करोड़ लेखन जपके संकल्प को पूर्ण करते हुये वर्तमान मे भी अनवरत जारी है। द्विवेदी ने बताया कि इसी क्रम में लेखन प्रेमियो के द्वारा 19वाँ सवा करोड़ लेखन जप भी प्रारम्भ कर दिया है। जिसके लिये भक्तो को लेखन हेतु निशुल्क कापी दी जाती है। द्विवेदी ने आगे बताया कि जनि भक्तो को स्वेच्छा से श्री सीताराम नाम लेखन में रूचि हो वो धर्म प्रेमी बंधु मेरे स्वयं के निज निवास एच.आई.जी 18 फेस थर्ड सनराइज मेगासिटी सागर से रविवार अवकाश के दिन दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक निशुल्क कापी प्राप्त कर सकते हैं।

### तुलसी फाउंडेशन कावड़ यात्रा की वृहद बैठक आज

**सागर।** श्रावण मास में प्रतिवर्ष निकलने वाली तुलसी फाउंडेशन की कावड़ यात्रा का भव्य आयोजन इस वर्ष भी 1 अगस्त से 4 अगस्त तक किया जा रहा है। कावड़ यात्रा भव्यता देने के लिए एवं तैयारियां को लेकर वृहद बैठक 27 जुलाई दिन रविवार को दोपहर 3 बजे से बड़ा बाजार श्रीराम चोक स्थित बी.एस.जैन धर्मशाला में आयोजित की गई है। इस संबंध में कावड़ यात्रा के सहसंयोजक एवं सर्व ब्राह्मण समाज के जिला अध्यक्ष शिवशंकर मिश्रा ने बताया कि बैठक में कावड़ यात्रा की तैयारियों के संबंध में चर्चा होगी। बैठक में सागर के सभी धार्मिक, सामाजिक संगठनों के लोगों को आमंत्रित किया गया। कावड़ यात्रा को भव्यता देने के लिए सुझाव लिए जायेंगे बैठक को सफल बनाने की तुलसी फाउंडेशन कावड़ यात्रा के संयोजक हरिराम सिंह ठाकुर, अध्यक्ष प्रदीप राजौरिया कावड़ यात्रा के सहसंयोजक श्री राम अवतार पांडे, कोषाध्यक्ष लालचंद घोसी, डाक्टर उमेश सराफ, रामेश्वर नामदेव, महेश साहू, प्रहलाद रैकवार, गोपाल प्रजापति ने सागर के समस्त समाजसेवी सभी समाजों के गणमान्य नागरिक से बैठक में शामिल होने की अपील की।

### शिवलिंग निर्माण एवं महारुद्राभिषेक आज

**सागर।** राष्ट्रीय एकता अखंडता एवं सांप्रदायिक सद्भाव के लिए भारतीय जनता पार्टी संभागीय भाजपा कार्यालय में एक दिवसीय शिवलिंग निर्माण एवं महारुद्राभिषेक आज प्रातः9 बजे से 12 बजे तक होगा। संभागीय भाजपा कार्यालय के नवनिर्मित शेड में आयोजित होने वाले भव्य अनुष्ठान की तैयारियां पूर्ण हो चुकी है। जिनका जायजा लेकर जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी, विधायक शैलेंद्र कुमार जैन, पूर्व जिला अध्यक्ष गौरव सिरोठिया, नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार ने आयोजन समिति के सदस्यों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

---

**पशुपालन डेयरी विभाग के अंतर्गत जिला पशु कल्याण समिति की बैठक में दिए गए दिशा निर्देश**

# चरनोई भूमि से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही करें, गोशालाओं को आर्थिक रूप से संपन्न बनाएं : कलेक्टर संदीप जी आर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



चरनोई भूमि से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही शीघ्र प्रारंभ कर भूमि गौवंश को उपलब्ध कराएं एवं गौशालाओं को आर्थिक रूप से संपन्न बनाएं। उक्त निर्देश कलेक्टर संदीप जी आर ने पशुपालन डेयरी विभाग के अंतर्गत जिला पशु कल्याण समिति की बैठक में दिए। इस अवसर पर पशुपालन विभाग के अधिकारी एवं स्व-सहायता समूह की महिला सदस्य मौजूद थीं। कलेक्टर संदीप जी आर ने कहा कि जिले में चरनोई भूमि को चिन्हांकित कर उनमें किए गए अतिक्रमण तत्काल हटाने की कार्यवाही करें और उक्त भूमि गौवंश को चरने के लिए उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि इसी जमीन पर नैपियर ग्रास भी लगाए जिससे कि गौवंश को पौष्टिक आहार उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि जिले के स्व सहायता समूह के द्वारा संचालित 27 गौशालाओं को आर्थिक रूप से संपन्न बनाने के लिए आवश्यक प्रबंध किए जावें। सभी गौशालाओं में कम से कम 25 प्रतिशत दूध देने वाले गौवंश को रखा जावे जिससे कि उस दूध उत्पादन के माध्यम से गौशाला का संचालन हो सके एवं गौशाला में गौकाष्ठ निर्माण, वर्मी कम्पोस्ट बनाने के लिए भी कार्य किया जाए, गौशाला में उपलब्ध जैविक खाद का विक्रय वन विभाग एवं अन्य विभागों से समन्वय करके किया जाए। कलेक्टर संदीप जी आर ने निर्देश दिए कि सभी गौशालाओं में पर्याप्त पानी की व्यवस्था की जावं एवं विद्युत आपूर्ति भी रहे। उन्होंने कहा कि गौशालाओं के आसपास यदि पर्याप्त मात्रा में जगह उपलब्ध है तो वहां पर अमृत सरोवर का निर्माण करें, जिससे कि गौशालाओं में पेयजल की समस्या समाप्त होगी। उन्होंने सभी गौशाला संचालकों से कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ लेने के लिए पशुपालन विभाग के पोर्टल पर अपनी जानकारी प्रतिदिन अद्यतन करें जिससे कि उनको शासन की योजनाओं का लाभ एवं सहायता राशि प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि जिले में 13 चलित पशु चिकित्सा ईकाई वाहन का उपयोग कॉल आने पर तत्काल किया जावे जिससे कि गौवंश को समय पर उपचार मिल सके। बैठक में बताया गया कि जुलाई 2025 तक 43474 पशुओं को घर पहुंच उपचार प्रदान किया गया है। उन्होंने निर्देश दिए कि जिले में 20 पशु चिकित्सालय संचालित हैं सभी पशु चिकित्सालयों में पर्याप्त संख्या में दवाएं उपलब्ध रहें एवं पशु चिकित्सक हमेशा मौजूद रहे।

कलेक्टर संदीप जी आर ने स्वसहायता समूह की महिला सदस्यों के द्वारा तैयार किए गए उत्पादकों की लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया एवं जानकारी प्राप्त की। उन्होंने अवलोकन करते समय ही सहायता समूह के द्वारा निर्मित उत्पादकों को नगद भुगतान कर सामग्री की खरीददारी की।

---

## पुलिस ने लावारिस गोवंशों की सुरक्षा की अनूठी पहल, रिफ्लेक्टर पट्टियां पहनाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



सागर पुलिस द्वारा एक सराहनीय एवं मानवीय पहल करते हुए सड़क पर विचरण करने वाले लावारिस गोवंशों को रात्रिकालीन सड़क दुर्घटनाओं से बचाने हेतु उनके गलों में रिफ्लेक्टर पट्टियाँ पहनाई गईं।

गौरतलब है कि आए दिन अंधेरे में सड़क पर बैठे या घूमते मवेशियों से वाहन टकराकर गंभीर दुर्घटनाएँ घटित होती हैं। इन्हीं संभावित दुर्घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से सानौधा थाना प्रभारी भारत सिंह ठाकुर द्वारा रिफ्लेक्टर युक्त पट्टियाँ तैयार करवाई गईं और उन्हें इन गोवंशों के गलों में पहनाया गया, ताकि रात्रि में वाहन चालकों को दूर से ही उनकी उपस्थिति का आभास हो सके।

इस पुनीत कार्य के लिए क्षेत्रीय नागरिकों एवं वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा ठाकुर की भूरी-भूरी प्रशंसा की जा रही है। उनका यह प्रयास पुलिस विभाग की जनसेवा, संवेदनशीलता एवं कर्तव्यनिष्ठा का सशक्त उदाहरण प्रस्तुत करता है।

---



## होलीफेथ कॉन्वेंट स्कूल में किया पौधरोपण

**गढ़ाकोटा।** मुख्य न्यायाधिपति उच्च न्यायालय जबलपुर एवं एम के शर्मा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सागर के निर्देशानुसार पंच-ज अभियान कैंपेन के अंतर्गत प्रदेश व्यापी वृहद पौधरोपण का कार्यक्रम विधिक सेवा पृकति की रक्षा कैंपेन का आयोजन 15 जुलाई से 15 सितंबर तक किया जाना है। उक्त तारतम्य में आज दिनांक को होलीफेथ कान्वेंट हायर सेकेण्डरी स्कूल गढ़ाकोटा में तहसील विधिक सेवा समिति गढ़ाकोटा के अध्यक्ष अंबर श्रीवास्तव, महेश दुबे तहसीलदार गढ़ाकोटा, जमील कुरैशी अध्यक्ष अधिवक्ता संघ गढ़ाकोटा, राजकुमार मिश्रा एएसआई पुलिस थाना गढ़ाकोटा, सुश्री रश्मि पांडे कृषि उद्यानिकी रनगुवां, राजेश विश्वकर्मा नायब नाजिर व्यवहार न्यायालय गढ़ाकोटा, अधिवक्तागण विनोद पटेल, डी पी लड़िया, राजाराम कोरी, मनीषा सोनी, संदीप कुर्मी, सतीश गुप्ता, शंभू शंकर राय के अलावा न्यायिक कर्मचारी, समस्त अधिवक्तागण, स्कूल के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। संक्षिप्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अंबर श्रीवास्तव ने पौधरोपण के उपरांत दीप प्रज्वलित किया, अतिथियों के स्वागत के बाद अपने विचार व्यक्त कर सभी को पौधे लगाए जाने का संकल्प दिलाया। कानूनी जानकारी दी एवं संविधान के अनुसार जीवन व्यतीत करने पर जोर दिया था। अंत में कार्यक्रम का आभार स्कूल की प्राचार्य बिल्किस बेगम ने व्यक्त कर उक्त कार्यक्रम से सभी छात्रों को प्रेरणा लेने की शपथ लेने का निर्देश देते हुए सभी का आभार माना।

---

## नशा मुक्ति जागरुकता अभियान की शपथ दिलाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



स्वामी विवेकानंद विश्वविद्यालय एवं मध्य प्रदेश पुलिस, जिला सागर के संयुक्त तत्वाधान में शनिवार को नशे से दूरी है जरूरी अभियान के अंतर्गत नशा मुक्ति जागरूकता विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का हुआ आयोजन। जिसका शुभारम्भ दीप प्रज्वलन तथा स्वस्ति वाचन के साथ हुआ। तत्पश्चात भारतीय परंपरा को निभाते हुए अतिथियों का स्वागत सत्कार किया गया। विषय का औचित्य अति पुलिस अधीक्षक लोकेश कुमार सिन्हा ने कहा कि यह अभियान 15 से 30 जुलाई तक लगातार चलेगा नशा न करने के लिए हमें समाज को प्रेरित करना है। नशे से कार्य क्षमता प्रभावित होती है समाज को विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से प्रेरित किया जा रहा है। युवा हमारे देश का भविष्य है और उन्हें सही दिशा दिखाना हमारा कर्तव्य है।

इस अवसर पर अध्यक्षीय उद्बोधन में उप कुलाधिपति आदित्य प्रखर तिवारी ने कहा कि स्वस्थ युवा सशक्त राष्ट्र विवि छात्रों को शिक्षा देने के साथ. साथ एक ऐसा वातावरण देता है जो समाज के नकारात्मक विचारों से दूर रहने में उनका सहयोग करता है। नशा ऐसा ही नकारात्मक पहलु है जिससे आज प्रत्येक छात्र प्रभावित हो रहा है। इस अवसर पर संस्था में आयोजित कार्यक्रम की सफलता के लिए संस्था के कुलाधिपति डॉ अजय कुमार तिवारी एवं संस्थापक कुलपति डॉ अनिल कुमार तिवारी ने शुभकामनायें प्रेषित की। वक्तव्य की अगली श्रृंखला में पुलिस महानिरीक्षक जोन सागर हिमानी खन्ना ने कहा नशे से दूरी है जरुरी इस अभियान में हमें समाज को नशे के प्रति जागरूक करने की आवश्यकता है क्यूंकि इतने बड़े अभियान को पूरा करने के लिए हमें पूरे समाज के सहयोग की आवश्यकता है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य इस दिशा में जागरूकता फैलाने समस्याओं को समझने और समाधान के मार्ग तलाश करना है और केवल दोष ढूँढना नहीं बल्कि एक नशा मुक्त स्वस्थ और सशक्त समाज का निर्माण करना है। वक्तव्य की अगली श्रृंखला में पुलिस उप .महानिरीक्षक रेंज सागर सुनील कुमार पाण्डेय ने कहा कि यह कार्यक्रम प्रदेश व्यापी है छात्र समाज का आईना होते हैं यदि छात्र जीवन उत्तम होगा तो हमारा समाज भी उन्नति की ओर अग्रसर होगा। नशे का प्रभाव खत्म करना ही हमारा ध्येय है। बीमारी का उपचार करने से बेहतर होता है उसे होने से पहले ही उसे रोकना।

---

## तहसीलदारों की पदस्थापना में किया गया बदलाव

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर ने प्रशासनिक कार्य सुविधा की दृष्टि से जिले में पदस्थ प्रभारी तहसीलदार/नायब तहसीलदार/प्रभारी नायब तहसीलदार/सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख की पदस्थापना में आगामी आदेश तक बदलाव किया है। कलेक्टर कार्यालय से जारी नवीन पदस्थापना आदेश के अनुसार संदीप तिवारी, प्रभारी तहसीलदार को तहसीलदार सागर नगर एवं वृत्त मकरोनिया, निर्मल सिंह राठौर, प्रभारी तहसीलदार जैसीनगर को तहसीलदार राहतगढ, प्रीतिरानी चौरसिया, प्रभारी तहसीलदार देवरी/केसली को तहसीलदार देवरी, प्रेमनारायण सिंह नायब तहसीलदार केसली को प्रभारी तहसीलदार केसली, राहल गौड, नायब तहसीलदार राहतगढ को प्रभारी तहसीलदार सागर ग्रामीण, हरीश लालवानी नायब तहसीलदार सागर ग्रामीण को प्रभारी तहसीलदार जैसानगर एवं वृत्त सेमाढाना, संगीता सिंह को तहसील सागर ग्रामीण वृत्त शाहपुर, प्रतीक रजक को तहसील सागर नगर वृत्त रतौना एवं परसोरिया, दिनेश असाटी को तहसील राहतगढ वृत्त सीहोरा, शिवपुरोहित गौतम को तहसील जैसीनगर वृत्त बिलहरा, विनोद सिंह परिहार नायब तहसीलदार जैसीनगर को तहसील सागर ग्रामीण वृत्त नरयावली, बहादुर सिंह नायब तहसीलदार सागर ग्रामीण को तहसील सागर ग्रामीण वृत्त सुरखी में आगामी आदेश तक पदस्थ किया गया है यह आदेश तत्काल प्रभाव से प्रभावी रहेगा।

---



## नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज तिवारी ने बाजार वार्ड का निरीक्षण किया

**गढाकोटा।** सागर जिले के गढाकोटा में शनिवार के दिन मुख्य बाजार सहित अन्य वार्ड में डल रही अमृत 2.0 योजना के तहत पानी कि पाइप लाइन का निरीक्षण नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज तिवारी ने मौके पर जाकर किया। निरीक्षण में अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज तिवारी द्वारा बताया गया कि अमृत 2.0 योजना के तहत गढाकोटा में नगर में पानी कि पाइप लाइन डाली जा रही है साथ ही नये कनेक्शन भी दिए जा रहे हैं। जिसके परिणामस्वरूप सभी नगरवासियों को शुद्ध पानी व्यवस्था की जा रही है अभी लगभग 10 वार्डों में पानी लाइन डल चुकी है ओर कनेक्शन देकर चालू कर इन वार्डों में इस योजना के माध्यम से पानी दिया जा रहा है। हमारे भैया गोपाल भार्गव जी द्वारा नगर में पानी से जुड़ी इस बड़ी योजना स्वीकृत कराया गया था। जो अब मूल रूप ले रही है लगभग शहर में 17 किलो मीटर पाइप लाइन डल चुकी है शेष लाइन का भी काम चल रहा है साथ ही सभी नगर वासियों को सिर्फ 500 रूपये में नये कनेक्शन दिए जा रहे हैं साथ मेरी सभी से अपील है कि अभी चूंकि लाइन डल रही है तो सभी लोग कनेक्शन ले ले। क्योंकि बाद में रोड बनने के बाद यही कनेक्शन लगभग 5000 रूपए में मिलेगा।

---

## बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज में अल्ट्रासाउंड ट्रेनिंग संपन्न



**सागर।** क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सागर और नेशनल हेल्थ मिशन भोपाल द्वारा 15 दिनों की अल्ट्रासाउंड ट्रेनिंग बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज में संपन्न हुई। जिसमें डॉ पुण्यप्रताप गहलोत एच ओ डी बीएमसी एवं डॉ वृषभान एसो प्रोफ़ेसर बीएमसी द्वारा डॉ प्रदीप सरवैया स्त्री रोग विशेषज्ञ बंडा, डॉ पटेल स्त्री रोग विशेषज्ञ खुरई एवं डॉ रविशंकर पांडे जिला चिकित्सालय स्त्री रोग विशेषज्ञ को ट्रेनिंग दी गई। क्षेत्रीय संचालक डॉ नीना गिडियन एवं डॉ सुशीला यादव ने ट्रैनिंग संपन्न होने के उपरांत सर्टिफिकेट दिए। डॉ नीना गिडियन ने बताया कि इस ट्रेनिंग के बाद ये डॉक्टर प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान में तथा सभी गर्भवती महिलाओं की यूएसजी करेंगे जिससे पता लगाया जा सके कि गर्भ में पलने वाले बच्चा सही तरीके से बढ़ रहा है या नहीं और कोई जटिलता तो नहीं है।

---

## विद्यार्थियों की सुविधा के लिए विद्यालयों में लगाए जाएंगे जाति, आय प्रमाण पत्र बनाने शिविर

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर ने नई पहल करते हुए जिले के विभिन्न विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं की सुविधा के लिए उनके जाति, आय प्रमाण पत्र बनाने के लिए जिले की समस्त तहसीलों में विद्यालयों में ही लोक सेवा केन्द्र अंतर्गत विशेष कैंप/शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। सभी शिविरों का आयोजन 28 जुलाई दिन सोमवार से 2 अगस्त तक किया जाएगा। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि संबंधित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व विशेष कैंप के नोडल अधिकारी रहेगें एवं पर्यवेक्षण कर संबंधित लोक सेवा केन्द्र के माध्यम से विभिन्न वर्गों के जाति प्रमाण पत्र एवं आय प्रमाण पत्र के आवेदन पंजीकृत कर समय सीमा में प्रमाण पत्र संबंधित छात्र को प्रदाय कराना सुनिश्चित करेगें।

---

**वाहनों पर हाथों में तिरंगा थाम कर निकले कार्यकर्ता**

# कारगिल विजय दिवस पर भारत माता के जयकारों के साथ भाजपा ने निकाली तिरंगा यात्रा कारगिल युद्ध में हुए शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



मातृभूमि की रक्षा लिए अपने प्राणों को उत्सर्ग करने वाले भारत माँ के अमर सपूतों का राष्ट्र सदैव ऋणी रहेंगा। मॉ भारती के जिन सपूतों ने देश की रक्षा करते हुए कारगिल में अपने प्राण न्यौछावर किए, उनका बलिदान सदैव प्रेरित करता रहेगा। आज का दिन देश के वीर सपूतों को समर्पित है, जिन्होंने तमाम मुश्किलों को पार करते हुए 26 जुलाई 1999 को पाकिस्तानी सैनिकों को कारगिल से खदेड़कर दुर्गम चोटियों पर जीत का परचम फहराया था यह बात सागर विधायक शैलेंद्र कुमार जैन ने कारगिल विजय दिवस पर भाजपा द्वारा आयोजित तिरंगा यात्रा के समापन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। कार्यक्रम को भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व जिला अध्यक्ष गौरव सिरोठिया एवं आभार नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार ने व्यक्त किया।

कारगिल युद्ध में हुए शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए विधायक शैलेंद्र कुमार जैन ने कहा कि हम सभी जानते हैं कि कारगिल युद्ध के दौरान सेना के नायकों ने अपने प्राणों की आहुति दी थी, ताकि पूरा देश चैन की नींद सो सके। उनकी बहादुरी, साहस और जुनून की कहानियां आज भी पूरे देश में जोश भर देती हैं।

जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी ने कहा कि मातृभूमि की रक्षा का कर्त्तव्य निभाते हुए शहादत देने वाले सैनिकों पर हम सभी को गर्व है। हम सभी भारतीय नागरिक कारगिल में शहीद योद्धाओं के चरणों में पुष्पांजलि अर्पित करते हैं। रणबांकुरों ने भी अपने परिजनों से वापस लौटकर आने का वादा किया था, जो उन्होंने निभाया भी, मगर उनके आने का अंदाज निराला था। वे लौटे, मगर लकड़ी के ताबूत में तिरंगे मे लिपटे हुए, जिसकी रक्षा की सौगंध उन्होंने उठाई थी, ऐसे वीर सपूतों पर देश को हमेशा नाज रहेगा। उन्होंने कहा किसैनिक हमारी श्रृद्धा के पात्र हैं, उन्हें सामाजिक आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने हमारी सरकार की सर्वोच्च प्रतिबद्धता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय सेना आज हर दृष्टि से हर चुनौती का सामना करने में समर्थ है।

कारगिल विजय दिवस पर संभागीय भाजपा कार्यालय से वाहन तिरंगा यात्रा निकाली गई जिसका समापन संविधान चौक पर हुआ। यात्रा में जिला उपाध्यक्ष जगन्नाथ गुरैया, जिला मीडिया प्रभारी श्रीकांत जैन, जिला मंत्री मनीष गुरु वरिष्ठ भाजपा नेता राम कुमार साहू, आलोक केशरवनी, मनीष चौबे यश अग्रवाल, अमित बैसखिया खटीक, रितेश तिवारी, सुबोध पाराशर, विनय मिश्रा, प्रासुक जैन, सुमित यादव, अभिमन्यु सोनी, हेमंत पचौरी, सतीश जैन, राजेश पटेल, दिलीप बचकैया, प्रणव कनौआ, सोनू उपाध्याय, मनोज रैकवार, विवेक उपाध्याय, शिवा यादव, पंकज भट्ट सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

---



## नवांकुर सखियों ने निकाली हरियाली कलश यात्रा

**सागर।** मप्र जन अभियान परिषद नवांकुर संस्था विश्वास सेवा समिति सेक्टर 5 चंद्रापुर अंतर्गत ग्राम नाऊढाना में नवांकुर सखियों द्वारा हरियाली कलश यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संभाग समन्वयक दिनेश उमरैया के द्वारा पर्यावरण संरक्षण हेतु मार्गदर्शन दिया गया ब्लॉक समन्वयक धर्म नाडीवाड़ ने ग्रामवासियों को बीजों का वितरण कर ग्राम को हरियाली बढ़ाने पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और नवांकुर संस्था द्वारा एक पेड़ मां के नाम लगाने सभी को जागरूक किया। कलश यात्रा में शामिल नवांकुर संस्थाओं की महिलाओं द्वारा संगीत देकर एक पेड़ मां के नाम संदेश दिया और कलश यात्रा के साथ साथ चल रही नवांकुर सखियों ने समूचे गांव में निशुल्क पौधे बीजों का घर घर में वितरण किया गया। वहीं नवांकुर सखियों के माध्यम से थैलियों में उपलब्ध बीज से पौधे तैयार करने और एक वर्ष तक इनकी सुरक्षा करने का संकल्प दिलाया। सखियों ने एक पेड़ मां के नाम लगाने हेतु ग्राम में ही पौधा तैयार करके हम सब मिलकर यह पौधारोपण कार्यक्रम पर्यावरण को सुरक्षित भी करेगा।

3 वर्ष में भी पुल न बनने पर लकड़ी व बांस से बने रिपटा का कर रहे उपयोग

# प्रशासनिक उदासीनता और लापरवाह लोग जामनी नदी पर लिख रहे हादसे की पटकथा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

प्रशासन की उदासीनता, ठेकेदार की मनमानी व लेटलतीफी और लोगो की लापरवाही कि बजह से मोहनगढ़ क्षेत्र में जामनी नदी पर किसी अनहोनी या हादसे की पटकथा लिखी जा रही है और प्रशासन मूकदर्शक बना उस हादसे का इंतजार कर रहा है कि ज़ब कोई हादसा होगा तो शायद तब कोई कदम उठाया जायेगा। क्योंकि प्रशासन की उदासीनता व ठेकेदार की मनमानी व लेटलतीफी के चलते बिगत 3 वर्ष के लंबे अंतराल में भी जामनी नदी पर स्वीकृत पुल नहीं बनाया जा सका। जिसकी बजह से क्षेत्र के लोगो द्वारा जामनी नदी को पार करने के लिए लकड़ी व बांस का एक जोखिम भरा पुल बनाकर जामनी नदी को पार किया जा रहा है। इस स्थान पर पुलिस व प्रशासन द्वारा कोई सुरक्षा व्यवस्था नहीं की गईं है। जिससे कभी भी कोई अनहोनी या हादसा हो सकता है।

### मोहनगढ़ क्षेत्र से निकली जामनी नदी पर नहीं बन सका स्वीकृत पुल

जिले के मोहनगढ़ तहसील में मध्य प्रदेश व उत्तर प्रदेश सीमा पर जामनी नदी से आवागमन करने के लिए प्रतिदिन सैकड़ो लोग नदी को पार करते हैं। जामनी नदी पर पुल की महत्वत्ता को समझते हुए सरकार द्वारा जामनी नदी पर एक पुल का निर्माण करने के लिए राशि स्वीकृत की लेकिन उक्त पुल का निर्माण कार्य पिछले तीन साल से चल रहा है। लेकिन 4 करोड़ 42 लाख की लागत से शुरू हुआ यह निर्माण कार्य 3 वर्ष बीत जाने के बाद भी अभी तक पूरा नहीं हो पाया है। पुल बनाने बाले ठेकेदार व कंपनी पर पुल का निर्माण कार्य समय सीमा में पूर्ण करने के लिए प्रशासन द्वारा भी कोई बिशेष दबाव नहीं डाला गया। जिसकी बजह से ठेकेदार ने मनमानी करते हुए उक्त पुल के निर्माण कार्य में 3 वर्ष बर्बाद कर दिए लेकिन फिर भी पुल का निर्माण कार्य पूर्ण नहीं हुआ। वर्तमान में भारी बारिश के कारण उक्त पुल निर्माण कार्य बंद है और पुल निर्माणाधीन स्थिति में है। पुल का एक स्लैब अभी तक नहीं डाला गया है। जिसकी बजह से स्थानीय लोगो को इस अधूरे पुल से आवागमन करना पड़ रहा है।





### जरूरत के चलते लोगों ने बनाया लकड़ी व बांस का जोखिमभरा रिपटा

पुल निर्माण में देरी के चलते ग्रामीणों ने जरूरत को देखते हुए जामनी नदी पर लकड़ी और बांस का रपटा बनाया और उस रिपटा का उपयोग कर आवागमन करने लगे। पैदल यात्री और बाइक चालक उक्त रिपटे का उपयोग करके जामनी नदी को पार कर रहे हैं। लेकिन नदी के जलसंग्रह और तेज बहाव को देखते हुए उक्त लकड़ी व बांस का रिपटा खतरनाक साबित हो सकता है। नदी पार करने के दौरान थोड़ी सी चूक होने पर लोग सीधे नदी में गिर सकते हैं। बारिश के कारण इन दिनों जामनी नदी में तेज बहाव है और गहराई भी अधिक है।

### वर्तमान में भारी बारिश के चलते नदी नाले बन चुके हैं जानलेवा

इस वर्ष मूसलाधार वारिश के चलते नदियों तालाबों व नालो में उफान भरा पानी संग्रह हो चुका है जिसकी बजह से नदियों ने रौद्र रूप धारण कर लिया है। ऐसी खतरनाक स्थिति में क्षेत्रवासी अपनी जान जोखिम में डालकर बांस और लकड़ी से बने रिपटा का उपयोग कर नदी को पार कर रहे हैं। जिसमे कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है और जनहानि हो सकती है। लेकिन स्थानीय प्रशासन अभी भी आँख बंद किये बैठा है। और क्षेत्रवासी नदी पार करने से मान नहीं रहे हैं क्योंकि उनके लिए सहूलियत भरे आवागमन के लिये कोई और रास्ता नहीं है।

### ब्रिज कॉरपोरेशन ने बनाया बारिश और मानव हठ का बहाना

उक्त मामले में ज़ब ब्रिज कॉरपोरेशन से संपर्क किया गया तो ब्रिज कॉरपोरेशन के एसडीओ आरएस सिंह ने बताया कि बारिश के कारण जामनी नदी पर पुल निर्माण कार्य फिलहाल बंद है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश वाले हिस्से में अभी कुछ निर्माण कार्य शेष है। उनके अनुसार पुल पर चौकीदार नियुक्त है। लेकिन लोग जबरन पुल पार कर रहे हैं। हालांकि एसडीओ सिंह ने आश्वासन दिया है कि वे चौकीदार से कहकर पुल से आवागमन को बंद कराएंगे। उन्होंने बताया कि बारिश के बाद सितंबर महीने में पुल का निर्माण कार्य फिर से शुरू होगा।

### प्रशासन ने नहीं लगाया कोई चेतावनी बोर्ड या सुरक्षाकर्मी

जामनी नदी पर सबसे गंभीर बात यह है कि जिला प्रशासन की ओर से जामनी पुल पर न तो कोई चेतावनी बोर्ड लगाया गया है और न ही बैरीकेड्स लगाए गए हैं। जिससे लोगों को खतरे का अंदाजा नहीं हो पाता है। पुलिस प्रशासन की ओर से कोई सुरक्षाकर्मी भी तैनात नहीं है। जिसकी बजह से ग्रामीणजन बेरोकटोक उफ़नती जामनी नदी को पार कर अपनी जान जोखिम में डाल रहे हैं। ठेकेदार की लापरवाही के कारण पुल के निर्माण में देरी हो रही है, जिससे स्थानीय लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

गर्भवती महिलाओं के लिए शिविर आयोजित

## स्वास्थ्य केंद्र में प्रसव व जांचे कराने महिलाओं को किया जागरूक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलेरा

नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित एएनसी शिविर के दौरान स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ डॉ नेहा चौरसिया, डॉ अंकित राजपूत, डॉ महेंद्र पटेल, डॉ मुकेश साहू एमबीबीएस डॉक्टरों समेत एएनएम स्टाफ नर्सो ने बेहतर सेवाएं प्रदान कीं। जिनमें गर्भावस्था के दौरान महिलाओं की नियमित जांच, आवश्यक टीकाकरण, और स्वास्थ्य संबंधी परामर्श शामिल थे, जिससे माताओं और शिशुओं के स्वास्थ्य में सुधार हो सके। शिविर के दौरान डॉक्टरों द्वारा महिलाओं के हीमोग्लोबिन, एचआईवी, वजन सहित अन्य जांच किए गए। इसके साथ ही खाने के लिए कैल्शियम, आयरन एवं विटामिन बी कांप्लेक्स की गोलियां दी गई। डॉक्टरों के द्वारा सभी महिलाओं को सलाह दी गई कि गर्भावस्था में भारी वजन नहीं उठाए। पौष्टिक भोजन में हरे साग सब्जी ,फल, दूध, इत्यादि का सेवन करें। स्वास्थ्य केंद्र में महीने में दो बार लगने वाले स्वास्थ्य जांच शिविर में अवश्य आएं एवं अपने स्वास्थ्य की जांच कराएं। जिससे जच्चा बच्चा दोनों स्वस्थ रहेगा। इसके अलावा प्रसव अपने नजदीकी किसी भी शासकीय स्वास्थ्य केंद्र में ही कराएं। डॉक्टर्स ने आगाह करते हुए कहा कि गांव के निजी झोलाछाप डॉक्टर के फिराक में नहीं रहे। क्योंकि इससे जच्चा एवं बच्चा दोनों को नुकसान हो सकता है। वही स्वास्थ्य केंद्र में प्रसव कराने से सरकार द्वारा दी जाने वाली अन्य लाभ की सुविधाएं भी उन्हें मिलेगी। इस दौरान आशा कार्यकर्ताओं द्वारा विकासखंड अंतर्गत आने वाली सभी पंचायतो, गांवो, टोलो, से गर्भवती माताओ को चिन्हित कर शिविर में लाकर उनके स्वास्थ्य की जांच कराई गई। एमबीबीएस डॉक्टर अंकित राजपूत, डॉक्टर महेंद्र पटेल एवं डॉ मुकेश साहू ने बताया कि शिविर में ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं अशिक्षित होने के कारण सही समय पर दवाइयां नहीं लेती हैं जिसके कारण उनमें खून की कमी एवं अन्य बीमारियों से ग्रसित होने का खतरा बना रहता है। उन्होंने बताया कि एएनसी शिविर के दौरान सभी महिलाओं को स्वस्थ रहने के लिए नियमित साफ-सफाई एवं समय से दवाइयां लेने के लिए प्रेरित किया गया। इसके अलावा कुछ अनुपस्थित आशा कार्यकर्ताओं की अनुपस्थिति के चलते गर्भवती महिलाओं की जांच नहीं हो पाई, जिसके चलते सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पलेरा के बीएमओ डॉक्टर अजय गुप्ता द्वारा अनुपस्थित आशा कार्यकर्ताओं को अगले कैंप में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए।

वृक्ष केवल ऑक्सीजन का स्रोत नहीं बल्कि जीवन की सुरक्षा का आधारः एसपी

## वनों की कटाई से प्रदूषण व ग्लोबल वार्मिंग बनी चुनौतियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

डीआईजी छतरपुर रेंज ललित शाक्यवार एवं पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा पर्यावरण संरक्षण का जागरूक संदेश देते हुए वृक्षारोपण किया और इससे होने बाले फायदे व महत्व पर भी प्रकाश डाला। जिले में पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागरूकता फैलाने एवं हरित वातावरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 25 जुलाई को उत्कृष्ट विद्यालय टीकमगढ में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डीआईजी छतरपुर रेंज ललित शाक्यवार एवं पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई की उपस्थिति में वृक्षारोपण किया गया।



कार्यक्रम की शुरुआत में डीआईजी ललित शाक्यवार ने पर्यावरण की महत्ता पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रकृति और पर्यावरण का संतुलन बनाए रखना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। वर्तमान समय में वनों की अंधाधुंध कटाई, प्रदूषण और ग्लोबल वार्मिंग जैसी चुनौतियाँ हमारे सामने हैं, जिनका समाधान केवल सामूहिक प्रयासों से ही संभव है। प्रत्येक नागरिक को वर्ष में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और उसकी देखभाल भी करनी चाहिए। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला पुलिस द्वारा पूरे जिले में पर्यावरण संरक्षण अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत न केवल थाना एवं चौकी परिसरों में वृक्षारोपण किया जा रहा है, बल्कि आम जनता को भी जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वृक्ष केवल ऑक्सीजन का स्रोत नहीं, बल्कि जीवन की सुरक्षा का आधार हैं। यह अभियान समाज में सकारात्मक संदेश देगा और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ एवं सुरक्षित पर्यावरण की नींव रखेगा।

इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाह, एसडीओपी राहुल कटरे, रक्षित निरीक्षक कनक सिंह चौहान, ट्रैफिक थाना प्रभारी कैलाश पटेल, थाना प्रभारी कोतवाली उपेंद्र छारी, सूबेदार उत्तम सिंह, उप निरीक्षक मनोज दुबे, मयंक नगाइच, प्रमोद शर्मा, वीणा विश्वकर्मा, सूबेदार आर्या पाराशर सहित पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी-कर्मचारी एवं उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य एसके श्रीवास्तव, विद्यालय के शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएँ भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में डीआईजी एवं पुलिस अधीक्षक ने सभी उपस्थितजनों से अपील करते हुए कहा कि वे इस पर्यावरण संरक्षण अभियान को सफल बनाने में भागीदार बनें एवं कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं और उसकी नियमित देखभाल करें। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के छायादार एवं औषधीय पौधों का रोपण किया गया, जिससे आने वाले वर्षों में न केवल विद्यालय परिसर हरा-भरा रहेगा, बल्कि बच्चों में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी का भी भाव जागेगा।

पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल की शुरू

## शहर से नाबालिग लड़की के गायब होने से परिजन हुए परेशान, जांच हुई शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

शहर से एक नाबालिग लड़की के गायब होने से लड़की के परिजनों ने पुलिस से गुहार लगाई है। गायब हुई नाबालिग लड़की के पिता ने अनहोनी की आशंका के चलते पुलिस से शीघ्र लड़की को ढूंढने की गुहार लगाई है। पुलिस ने लड़की के पिता की शिकायत पर गुमसुदगी का मामला दर्ज करके गायब लड़की की खोजबीन करने के प्रयास शुरू कर दिए हैं। लड़की के पिता ने एक लडके की फोटो व मोबाइल नंबर भी पुलिस को दिया है, जिस पर परिजनों को लड़की को बहला फुसला कर लें जाने की आशंका ब्यक्त की है। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई को दिए आबेदन में शहर के वार्ड क्रमांक 25 ल क्क ड़ खा ना निवासी आजाद खां ने गुहार लगाते हुए बताया कि उनकी 14 वर्षीय नाबालिग पुत्री रहस्यमय परिस्थितियो में गायब हो गईं हैं। गायब हुई नाबालिग लड़की का नाम चाहत बानो है। आबेदन में आजाद खां ने बताया कि 22 जुलाई को दोपहर लगभग सवा तीन बजे से उनकी पुत्री चाहत लापता है। लड़की की खोजबीन करने पर वह अम्बेडकर चौराहे से जाते हुये तो दिख रही है। लेकिन उसके बाद लड़की चाहत का कोई पता नहीं चल रहा है। ज़ब आजाद खां ने अपने घर के मोबाइल की जांच पड़ताल की तो उन्हें मोबाइल में एक लड़के की फोटो मिली है जिसका नाम राज पठान है और वह दतिया जिले का रहने बाला है। आजाद खां ने पुलिस को बताया कि उन्हें इसी लडके राज पठान पर पर शक है कि बह उनकी पुत्री चाहत को बहला फुसला कर या किसी अन्य तरीके से अपने साथ लें गया है। आजाद खां ने संदिग्ध राज पठान का मोबाइल नंबर भी पुलिस को दिया है। आजाद खां ने पुलिस अधीक्षक मंडलोई से गुहार लगाते हुए कहा कि उनकी पुत्री चाहत का शीघ्र अतिशीघ्र पता लगाया जाये। घर परिवार के सभी लोग चाहत को लेकर बहुत परेशान हैं। पुलिस ने आजाद खां की शिकायत पर गुमसुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।





### जन अभियान परिषद की नवांकुर सखियां बनेंगी आत्मनिर्भर

**टीकमगढ़।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा जिले के जनपद बल्देवगढ़ अंतर्गत सेक्टर अहार के ग्राम वनयानी में हरियाली अमावस्या से प्रारंभ किये गये नवांकुर सखी हरियाली यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त आयोजन कार्यक्रम अध्यक्ष एसडीएम बल्देवगढ़ भारती देवी मिश्रा, जिला समन्वयक डॉ सुनील कटियार, मीरा खरे, संध्या सोनी , जनपद सदस्य महेंद्र सिंह घोष के विशेष आतिथ्य में सम्पन्न हुआ।

एसपी को ज्ञापन देकर संचालक ने लगाई न्याय की गुहार

## सुलभ शौचालय के उपयोग का पैसा मांगने पर मारपीट

**टीकमगढ़।** नये बस स्टैंड पर कुंचबंदिया समाज का आतंक बढ़ता जा रहा। अब कुंचबंदिया समाज के एक ब्यक्ति ने सुलभ शौचालय के संचालक के साथ सिर्फ इस बात को लेकर मारपीट कर दी क्योंकि संचालक ने उस ब्यक्ति से सुलभ शौचालय का उपयोग करने के एवज में पैसे मांग लिए। इस बात पर शुलभ शौचालय के संचालक के साथ न केबल मारपीट की गईं बल्कि संचालक की जेब में रखे रूपये भी छीन लिए गए। अब लुटे पिटे संचालक ने पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई को ज्ञापन देकर न्याय की गुहार लगाई है। कोतवाली थाना अंतर्गत प्रधानपुरा मोहल्ला निवासी पीड़ति अली हसन ने एसपी मंडलोई को दिए ज्ञापन में बताया कि वह नया बस स्टेण्ड पर सुलभ कम्पलेक्स का ठेके लिये हुये है। जहां पर लोगों को नहाने व नित्यक्रिया करने के एबज में सुविधा शुल्क लेता है। 25 जुलाई की रात्रि करीब साढ़े 7 बजे गुड्डा कुचबंदिया एवं उसका पुत्र देवा कुचबंदिया सुलभ कोम्प्लेक्स पर आया और सुलभ शौचालय का उपयोग करने के बाद बिना शुल्क भुगतान किये जाने लगा। जब संचालक अली हसन ने गुड्डा कुंचबंदिया से पैसो की मांग की तो गुड्डा व उसके लडके देवा द्वारा संचालक के साथ अभद्र भाषा का उपयोग किया जाने लगा। जब संचालक अली हसन ने ऐसा करने से मना किया तो गुड्डा व उसके लडके देवा द्वारा लातघूसों से अली हसन के साथ मारपीट की गईं। इस दौरान अली हसन के जेब में रखे 1500 रूपये भी छीन लिये गए। गुड्डा व देबा ने अली हसन को धमकाते हुए कहा कि अगर यदि तुझे सुलभ शौचालय का संचालन करना है तो हमारे अनुसार संचालन करना होगा और हमे कमीशन देना होगा। नहीं तो तुझे जान से खत्म कर देगें। उक्त घटना के समय अवधेश बाल्मीक एवं गुड़ीया बाल्मीक मौके पर मौजूद थे जिन्होने बीच बचाव किया और सारी घटना देखी है। पीड़ित अली हसन ने एसपी मंडलोई को दिए आबेदन में गुहार लगाते हुए कहा कि उक्त गुड्डा व देवा के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही कर आवेदक के 1500 रूपये वापिस दिलाये जाए।



बिना पिलर खुदाई के डाली गई बीम, कमजोर सरिया का उपयोग

# ग्राम पंचायत परा में 10 लाख की बाउंड्री वॉल का निर्माण घोटाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलेरा

जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत परा में 10 लाख 16 हजार रुपये की लागत से बन रही बाउंड्री वॉल निर्माण में बड़े घोटाले की बू आ रही है। आरोप है कि उक्त निर्माण कार्य में भारी अनियमितता बरतने के साथ साथ गुणवत्ता से भी खिलवाड़ किया जा रहा है। सरपंच, सचिव और उपयंत्री राजेश द्विवेदी की आपसी मिलीभगत से सरकारी धन का खुलेआम दुरुपयोग हो रहा है। जहां पर बिना लेबलिंग का कार्य किया और बिना पिलर खुदाई किए बाउंड्रीवॉल का निर्माण कार्य किया जा रहा है। स्थानीय लोग ज़ब निर्माण स्थल पर पहुंचे तो बहाँ उन्होंने देखा कि पिलर की खुदाई किए बिना ही बीम डाल दी गई है, जो निर्माण तकनीक के हर मानक का उल्लंघन है। यह सीधे तौर पर भ्रष्टाचार और लापरवाही का जीता-जागता प्रमाण है। लेकिन सवाल यह हैं कि प्रशासन उक्त मामले में आखिर अनजान क्यों बना हुआ है। उपयंत्री राजेश द्विवेदी की भी इसमें मिली भगत की आशंका से मना नहीं किया जा सकता। कई जानकारों द्वारा बताया गया है कि इनकी सरपंच सचिव से साँठगांठ रहती है जिसके चलते पंचायतो में निरंतर घटिया कार्य किए जाते हैं।



### बाउंड्री की असली ताकत, सरिया में भी किया बड़ा खेल

मजबूती के लिए बाउंड्री वॉल के निर्माण में 12 एमएम सरिया का उपयोग होना चाहिए था, लेकिन मौके पर 8 एमएम के पतले और कमजोर सरिए का प्रयोग किया जा रहा है। इससे दीवार की मजबूती पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि यह निर्माण कार्य 1-2 वर्षों में ही ध्वस्त हो सकता है, जिससे न केवल सरकारी पैसे की बर्बादी होगी, बल्कि आमजन के लिए खतरा भी उत्पन्न हो सकता है। साथ ही उक्त बाउंड्री वॉल का निर्माण कार्य बिना लेबलिंग के किया जा रहा है। निर्माण स्थल की फोटो में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है कि किस प्रकार घटिया तरीके से उक्त बीम का भी निर्माण कार्य किया गया है जिसकी उच्च स्तरीय जांच की मांग ग्रामीणों के द्वारा की गई है। ग्रामवासियों में इस भ्रष्टाचार को लेकर भारी आक्रोश है। उनका कहना है कि अगर समय रहते इसकी निष्पक्ष जांच नहीं करवाई गई, तो वे जनपद कार्यालय का घेराव करेंगे। ग्रामीणों ने लोकायुक्त और आर्थिक अपराध शाखा से उक्त मामले की जांच कराने की मांग की है। साथ ही जिम्मेदार व दोषियों के बिरुद्ध कार्यवाही किये जाने की मांग की है।

### हिदायत दी गई है

उक्त मामला संज्ञान में है जिस पर नोटिस जारी किया जा चुका है और हिदायत भी दी गई है कि मानकों के अनुसार निर्माण कार्य कराए यदि फिर भी सुधार नहीं होता है तो उक्त कार्य निरस्त कर दिया जाएगा।

**एकता तिवारी,** सहायक यंत्री
जनपद पलेरा

### खुलेआम उड़ रही हैं शासन की गाइडलाइन की धज्जियां

सरकार द्वारा जारी निर्माण मानकों और पंचायती योजनाओं की पारदर्शिता के दावों की जमीनी हकीकत इस मामले ने उजागर कर दी है। यह केवल एक ग्राम पंचायत का मामला नहीं, बल्कि पूरे सिस्टम पर सवाल खड़े करता है कि आखिर इतनी बड़ी राशि का बंदरबांट कैसे हो रहा है और प्रशासन मौन क्यों है? जबकि भ्रष्टाचार के बिरुद्ध संबेदनशील जनपद सीईओ सिद्ध गोपाल वर्मा के द्वारा स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया है कि ग्राम पंचायत में जो भी निर्माण कार्य किए जाते हैं वह गुणवत्तापूर्ण तरीके से होने चाहिए। लेकिन जनपद सीईओ वर्मा के निर्देशों को नजरअंदाज कर उपयंत्री की मिलीभगत से उक्त निर्माण कार्य घटिया तरीके से किया जा रहा है। अगर यह घोटाला नहीं रुका, तो यह भ्रष्टाचार के सबूत का एक जीता जागता उदाहरण बनेगा कि कैसे ग्राम पंचायतों में विकास के नाम पर लूट की जा रही है और जिम्मेदार केवल मूक दर्शक बनकर बैठे हैं। और अधिकारी भी लापरवाह कर्मचारियों पर कार्यवाही ना करते हुए उन पर मेहरबान बने हुए हैं। ग्रामीणों ने उक्त निर्माण कार्य की जांच करा कर सही तरीके से निर्माण कार्य करने की मांग की है।

## दलारना में मुखलेश तो जाखदा में सरपंच बनी कुशुमा आदिवासी

# मोरावन के बृजेश को मिली सबसे बड़ी जीत,243 मतों से चुने सरपंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

जिले की तीन ग्राम पंचायतों में सरपंच पद के लिए गत 22 जुलाई को हुए उप चुनाव के मतदान की मतगणना शनिवार को विकासखंड मुख्यालय पर कराई गई। इस दौरान ग्राम पंचायत दलारनाकलां से मुखलेश बाई, ग्राम पंचायत जाखदा से कुशुमा बाई तथा ग्राम पंचायत मोरावन से बृजेश आदिवासी सरपंच निर्वाचित हुए है। इनमें सबसे बडी जीत ग्राम पंचायत मोरावन से बृजेश आदिवासी को मिली है, जो 243 वोटो से चुनाव जीते है। कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देशन में सरपंच पद के परिणामों की घोषणा करते हुए रिटनिंग ऑफिसर ने निर्वाचित हुए सरपंच को विजयी होने का प्रमाण पत्र दिया गया है। इसके साथही पंचायत उप चुनाव की कार्रवाई सम्पन्न हो गई।

जनपद पंचायत श्योपुर के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत दलारना में सरपंच पद के लिए हुए मतदान की मतगणना शनिवार को श्योपुर विकासखंड मुख्यालय पर रिटर्निंग आफिसर तहसीलदार श्योपुर मनीषा मिश्रा की देखरेख की गई। मतगणना के दौरान दलारनाकलां में सरपंच का चुनाव लडने वाली 4 महिला उम्मीदवारों में से ज्यादा 430 वोट मुखलेश बाई पत्नी रामभरत को मिले, इसलिए उन्हें सरपंच निर्वाचित किया गया। जबकि शीला को 298 मत, छोटा बाई को 262 मत तथा बृजलता को 257 मत प्राप्त हुए है। रिटरिंग आफिसर मनीषा मिश्रा इसी प्रकार विकासखंड मुख्यालय कराहल पर रिटर्निंग आफिसर तहसीलदार कराहल रोशनी शेख में देखरेख में ग्राम पंचायत जाखदा और मोरावन ग्राम पंचायत में हुए मतदान की मतगणना कराई गई। ग्राम पंचायत जाखदा में सरपंच पद की दो महिला उम्मीदवारो में से कुशमा आदिवासी को 526 मत तथा पिस्ता आदिवासी को 414 मत प्राप्त हुए है। इसलिए कुशमा आदिवासी को जाखदा का सरपंच निर्वाचित किया गया। जबकि ग्राम पंचायत मोरावन में सरपंच पद के चार उम्मीदवारों में से बलराम आदिवासी को 20 मत, बिंझा आदिवासी को 23 मत, बृजेश आदिवासी को 717 मत तथा रामचंद आदिवासी को 474 मत मिले है। सबसे अधिक मत बृजेश को मिलने के कारण उन्हें सरपंच निर्वाचित किया गया। जीत का प्रमाणपत्र दोनो उम्मीदवारों को रिटरिंग आफिसर के द्वारा दिया गया।



### तीनों ग्राम पंचायतों में नोटा को भी मिले वोट

जिले की तीनों ग्राम पंचायतों में सरपंच पद के लिए चुनाव लडने वाले उम्मीदवार स्थानीय कई मतदाताओ को पसंद नहीं आए। इसलिए कई मतदाताओं ने अपने वोट किसी भी उम्मीदवार को न देते हुए अपना वोट नोटा दिया है। ग्राम पंचायत दलारनाकंला में 12 वोट नोट को मिले है। वहीं ग्राम पंचायत मोरावन में 10 वोट तथा ग्राम पंचायत जाखदा में 21 वोट नोटा को मिले है।

### सिलपुरी और पिपरानी में निर्विरोध बन गए सरपंच

जनपद पंचायत कराहल की ग्राम पंचायत सिलपुरी और पिपरानी में भी सरपंच पद के लिए चुनाव की प्रक्रिया आयोजित कराई गई। लेकिन इन दोनों ग्राम पंचायतो में सरपंच का चुनाव निर्विरोध हो गया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्वाचन एवं डिप्टी कलेक्टर संजय जैन ने बताया कि ग्राम पंचायत पिपरानी में द्रोपदी बाई आदिवासी निर्विरोध सरपंच चुनी गई है। वहीं ग्राम पंचायत सिलपुरी में नितिनराज मल्होत्रा निर्विरोध सरंपच बन गए है। बता दें कि नितिनराज विजयपुर विधायक मुकेश मल्होत्रा के बेटे है। पहले सिलपुरी के सरपंच मुकेश मल्होत्रा ही थे, लेकिन विजयपुर विधायक निर्वाचित हो जाने के कारण उन्होने सरपंच पद से इस्तीफा दे दिया था। लेकिन अब उनके छूटे अधूरे कार्यकाल को सरपंच निर्वाचित हुआ उनका बेटा नितिनराज पूरा करेगा।

### कौन कितने वोटों से जीता

| ग्राम पंचायत | सरपंच | वोट | जीते |
|---|---|---|---|
| दलारनाकलां | मुखलेश | 430 | 132 |
| जाखदा | कुशुमा | 526 | 112 |
| मोरावन | बृजेश | 717 | 243 |

## बावड़ी हनुमान मंदिर पर हुआ रात्रि विश्राम, आज चढेगा झंडा

# जयकारों के साथ रवाना हुई क्षेत्रपाल बाबा की पैदल यात्रा, नाचते झूमते निकले श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

शहर सहित जिलेभर में इन दिनों धार्मिक पैदल यात्राओं का दौर चल रहा है। इसी क्रम में शनिवार को ग्राम जैनी स्थित श्री क्षेत्रपाल बाबा के दर्शनों के लिए एक पैदल यात्रा जयकारों के साथ शहर के टोडी गणेश मंदिर से रवाना हुई। ध्वज पूजन के बाद गाजेबाजे के साथ रवाना हुई इस पैदल यात्रा में बडी संख्या में श्रद्धालु नाचते गाते रवाना हुए।

श्री चामुंडा माता समिति वार्ड क्रमांक 10 की अगुवाई में इस दफा श्री क्षेत्रपाल बाबा की 15 वीं पैदल यात्रा थी। पैदल यात्रा की शुरूआत शहर के टोडी गणेश मंदिर से विधिवत पूजा अर्चना के साथ हुई। स्वागत सत्कार के बाद पैदल यात्रियों ने क्षेत्रपाल बाबा के जयकारों के साथ झंडा उठाकर प्रस्थान किया। टोड़ी बाजार से लेकर सलापुरा नहर तक शहरवासियों ने कई जगह पदयात्रा का स्वागत किया। पैदल यात्रा जैसे-जैसे आगे बढती गई,वैसे-वैसे पैदल यात्रियों की संख्या बढती चली गई। रविवार को पैदल यात्री ग्राम जैनी स्थित श्री क्षेत्रपाल बाबा मंदिर पर पहुंचकर झंडा चढाकर पैदल यात्रा का समापन करेगे और बाबा से क्षेत्र की खुशहाली की कामना करेगे।




### पैदल यात्रियों ने सोंईकलां में किया दोपहर का भोजन



श्री क्षेत्रपाल बाबा की पैदल यात्रा दोपहर में सोंईकलां पहुंची। इस पैदल यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। पैदल यात्रियों के लिए श्री क्षेत्रपाल बाबा पैदल यात्रा समिति सोंईकलां के अध्यक्ष छोटूलाल सुमन की ओर से कस्बे के पाली रोड स्थित खुशी स्कूल में भोजन की व्यवस्था की गई। जहां भोजन प्रसादी ग्रहण करने के बाद पैदल यात्री आगे बढ गए। यह पैदल यात्रा बगडुआ, भोगिका और जावदेश्वर होते हुए बावडी हनुमान मंदिर पर पहुंची, जहां पैदल यात्रा का रात्रि विश्राम था।

# श्मशान तक पहुंचने के लिए कमर कमर पानी से ले जाई गई शव यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



विजयपुर विकासखंड क्षेत्र में शमशान घाट की दयनीय स्थिति शासन प्रशासन का पीछा छोड़ने का नाम ही नहीं ले रही है। तीन माह पूर्व बीरपुर में दलित युवक के शव को शमशान में दाह संस्कार से रोकने के आरोप ने प्रशासन के साथ-साथ शासन को भी हिलाकर रख दिया था इस मामले में हालांकि शासन प्रशासन अपनी सफाई देकर जिम्मेदारी से मुक्त हो गया पर विजयपुर में शमशानों ओर वहां तक पहुंचने के मार्ग कितने बदहाल हैं इसकी बानगी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा एक वीडियो है यह वीडियो सहसराम गांव का बताया जा रहा है इस वीडियो में लोग शव यात्रा को कमर कमर पानी में उतरकर ले जाते हुए दिखाई पड़ रहे हैं।

वायरल वीडियो में ग्रामीण एक शव को ले जाते दिख रहे हैं। ऐसा लग रहा है जैसे वह किसी पक्के खरंजे या रपटे से गुजर रहे हैं। या फिर वो आम रास्ता भी हो सकता है जिसमें ड्रेनेज सिस्टम की कमी से बारिश का पानी भर गया हो। ग्रामीण इस पानी में कमर कमर डूब कर शव को ले जाते दिखाई पड़ रहे हैं इस वीडियो के वायरल होने के बाद भी स्थानीय प्रशासन ने तो कोई शुद नहीं ली है लेकिन लोग वीडियो पर शासन प्रशासन की लापरवाही पर कमेंट कर खूब सवालिया निशान उठा रहे हैं। साथ ही दूसरे कई ऐसे उदाहरण भी बताएं जा रहे हैं जिससे पहले भी लोगों को इसी तरह परेशान होना पड़ा है। बारिश के दौरान शमशानों में तिरपाल लगाकर शव को जलाने और खेत में दाह संस्कार करने जैसी घटनाएं भी विजयपुर क्षेत्र में आए दिन सामने आती ही रहती हैं।

# कैदियों को तनावमुक्त रखने जेल में चल रहा योग शिविर



श्योपुर। जेल में बंद विचाराधीन बंदियों को तनाव मुक्त रखने के उद्देश्य से जेल प्रबंधन ने चिकित्सक के परामर्श पर जेल में योग अभियान शुरू किया है। इस क्रम में जहां बंदियों को योग प्रशिक्षकों से योग के ट्रेनिंग दिलवाई गई है वहीं उन्हें खुद से ही नियमित योग क्रिया करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। जेल चिकित्सक डॉ संजय जैन के परामर्श पर जेल अधीक्षक प्रभात कुमार कैदियों को स्वस्थ और तनावमुक्त रखने के उद्देश्य से जेल के भीतर योग क्रियाएं करवा रहे हैं। बंदी योग क्रियाएं ठीक से करें इस उद्देश्य से उन्हें योग प्रशिक्षक दिनेश साहू के माध्यम से योग क्रियाएं सिखाई गई हैं जिसके लिए दिनेश साहू ने शनिवार को जेल पहुंचकर बंदियों को योग कलाएं सिखाई। इस दौरान बंदियों ने कपालभाति अनुलोम विलोम, भ्रामरी भुजंगासन सिंहासन और हास्यासन उदगीत करना सीखा तथा ध्यान लगाने की कला भी सीखी। इस दौरान जिला खेल अधिकारी अरुण सिंह, पीयूष यादव, अजीत जाट, शिक्षक नरेंद्र नगर मौजूद रहे।

### टीआई सतीश चौहान होंगे कोतवाली थाना प्रभारी

**श्योपुर।** श्योपुर कोतवाली के नए थाना प्रभारी अब टीआई सतीश चौहान होगे। शनिवार को एसपी वीरेन्द्र जैन ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। दरअसल कोतवाली थाना प्रभारी दिनेश सिंह राजपूत का दतिया ट्रांसफर हो गया है। इसलिए वे कोतवाली से रिलीव होकर दतिया के लिए रवाना हो गए है। ऐसे में खाली हुई कोतवाली में टीआई सतीश चौहान की बतौर थाना प्रभारी पदस्थापना की गई है। बता दें कि टीआई चौहान पहले भी बड़ौदा और कोतवाली थाने की कमान संभाल चुके है और वे गुना से ट्रांसफर होकर श्योपुर आए है।

# आवदा पुलिस ने डोडाचूरा के साथ दो धरे



**श्योपुर।** आवदा थाना पुलिस ने बछेरी तिराहे से दो आरोपियों को डोडाचूरा के साथ गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक वीरेन्द्र जैन के निर्देशन में चल रहे अभियान के क्रम में शनिवार को मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर बछेरी तिराहे से दो लोगो को डोडा चूरा के साथ दबोचा है। आरोपियों के कब्जे से एक किलो 900 ग्राम डोरा चूरा जब्त किया है। जिसकी कीमत 19 हजार के रूपए के आसपास बताई गई है।पूछताछ के दौरान आरोपियों ने अपना नाम बबलेश पुत्र बद्रीलाल बैरवा निवासी चकमजीदपुर तथा हरिओम पुत्र सत्यनारायण राठौर निवासी बर्धाखुर्द बताए है। आरोपियों को गिरफ्तार किए जाने के बाद उनसे पूछताछ की जा रही है कि वे इस डोडाचूरा को कहां से लाए थे और कहां पर खफाने के लिए लेकर जा रहे थे।

## कलेक्टर ने कराई जिले भर के स्कूलों की वीडियो रिकॉर्डिंग

# राजस्थान हादसे के बाद श्योपुर जिला भी अलर्ट, भौतिक सत्यापन शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर।

राजस्थान के झालावाड़ जिले के मनोहर थाना क्षेत्र में एक सरकारी स्कूल की छत गिरने से 6 बच्चों की मौत के बाद श्योपुर जिला भी अलर्ट मोड पर आ गया है। कलेक्टर अर्पित वर्मा ने जिले के सभी सरकारी स्कूलों छात्रावासों और आश्रम की वीडियो रिकॉर्डिंग कराकर सत्यापन करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर के निर्देश के बाद सभी स्कूलों में शाला प्रभारियों द्वारा हर कक्ष की वीडियो रिकॉर्डिंग बीआरसी कार्यालय को भेजी जाना शुरू हो गई है।

हालांकि श्योपुर जिले में कई स्कूलों के जर्जर होने की सूचना समय-समय पर शाला प्रभारी द्वारा और कुछ जागरूक ग्रामीणों द्वारा जिला प्रशासन को दी जाती रही है लेकिन उस पर प्रशासन ने कोई खास एक्शन अभी तक नहीं लिया है। हाल ही में राजस्थान में हुई हृदय विदारक दुर्घटना के बाद कलेक्टर अर्पित वर्मा ने जिले के सभी सरकारी स्कूलों की बिल्डिंग और छात्रावास आश्रम के भवनों का भौतिक सत्यापन के निर्देश दिए हैं ताकि कोई दुर्घटना घटित होने से रोकी जा सके। कलेक्टर के निर्देश के बाद सभी स्कूलों में शाला प्रभारी द्वारा अपने मोबाइल से वीडियो ग्राफी करने कर बीआरसी को भेजने के साथ-साथ हार्ड कॉपी में संकुल केंद्र के माध्यम से जानकारी बीआरसी कार्यालय में भिजवाने का काम भी किया जा रहा है। शनिवार को करीब 60 फीसद स्कूलों की वीडियो रिकॉर्डिंग और हार्ड कॉपी में मेंटेनेंस से जुड़ी जानकारी पहुंच गई थी बाकी बचे हुए स्कूलों की जानकारी सोमवार तक पहुंच जाने की उम्मीद है। उधर जिला शिक्षा अधिकारी एमएल गर्ग ने सभी शिक्षकों को निर्देशित किया है कि जो शिक्षक भौतिक सत्यापन में लापरवाही बरतेंगे उनके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई भी की जाएगी, अथवा दुर्घटना होने वाली स्थिति में दुर्घटना के लिए जिम्मेदार संबंधित स्कूल के शाला प्रभारी को माना जाएगा।



### सीएमओ ने किया निरीक्षण

कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देश पर जिले के बड़ौदा कस्बे में शनिवार को दोपहर 1 बजे सीएमओ ताराचंद धूलिया एवं इंजीनियर पवन गर्ग ने कस्बे में संचालित सरकारी स्कूलों के भवनों का निरीक्षण किया और स्थानीय स्टाफ को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बड़ौदा नगर में संचालित हायर सेकंडी स्कूल में पहुंचे सीएमओ ने स्कूल के सभी कक्षों का निरीक्षण किया। प्रिंसीपल नरेन्द्र जाट ने बताया कि, स्कूल के कुछ कक्षों में पानी टपक जरूर रहा हैं, लेकिन जर्जर स्थिति में कोई भी कक्ष नहीं है। इसके बाद छात्रावास का भी निरीक्षण किया गया, जहां उपयंत्री पवन गर्ग ने छात्रावास की छत को क्षतिग्रस्त बताते हुए मेंटेनेंस की सलाह दी। सीएमओ ने प्रिंसीपल नरेन्द्र जाट को निर्देश दिए कि, वह छात्रावास की डैमेज छत का मेंटेनेंस के लिए जिला परियोजना समन्वयक को पत्र लिखकर स्थिति से अवगत कराए, ताकि समय रहते मेंटेनेंस हो सके। इस दौरान सीएमओ ने नगरपालिका के दरोगा को निर्देशित किया कि, स्कूलों के आसपास दिन में दो बार साफ—सफाई की जाए।

## पित्त की थैली से निकले 19 पथरी के टुकड़े, एक टुकड़ा पहुंच गया था श्वास नली में

# ग्वालियर से लौटी महिला का जिला अस्पताल में मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर ने किया सफल ऑपरेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

शुक्रवार को जिला अस्पताल में क्रिटिकल ऑपरेशन की श्रृंखला में एक और ऑपरेशन होना दर्ज किया गया। दरअसल मेडिकल कॉलेज श्योपुर के लिए पदस्थ किए गए सर्जन डॉ. बृजेन्द्र स्वरूप ने ग्वालियर में दो बार परेशान होने के साथ मोटी रकम इलाज में खर्च कर चुकी श्योपुर निवासी नजमा खान की पित्त थैली में पथरी का सफल ऑपरेशन किया। श्योपुर जिले में पित्त थैली में पथरी का ऑपरेशन पहली बार हुआ है। इससे पहले इस तरह का ऑपरेशन कराने के लिए मरीजों को कोटा, जयपुर या ग्वालियर जाना पड़ता था। ज्ञात हो कि डॉ. बृजेंद्र स्वरूप इससे पहले भी कई ऐसे गंभीर आपरेशन जिला अस्पताल में सफलतापूर्वक कर चुके हैं।

वार्ड क्र. 01 एक किला बस्ती में रहने वाली नजमा पत्नी अब्दुल रऊफ ने बताया कि, उसे पित्त की थैली में पथरी थी इसकी जांच और इलाज के लिए वह ग्वालियर के एक निजी अस्पताल में गई थी, जहां 15 दिनों तक भर्ती रहने के बाद रुपए खत्म होने की वजह से वापस श्योपुर लौट आई। दरअसल नजमा की पित्त थैली में पथरी के 19 मोटे-मोटे टुकड़े जमा दिखाई दे रहे थे, जिनका ऑपरेशन करना मुश्किल भी नहीं था, लेकिन ऑपरेशन से पहले उनमें से एक टुकड़ा सांस नली में जाकर फंस गया था, जिसके कारण नजमा का ऑपरेशन ग्वालियर में डॉक्टर ने यह कहते हुए नहीं किया कि पहले श्वास नली की पथरी साफ होगी, फिर आपरेशन। परेशान नजमा वापस घर लौट आई, यहां उसे किसी ने बताया कि जिला अस्पताल में एक डॉक्टर आए हैं जो इस तरह के ऑपरेशन फ्री में कर रहे हैं। सूचना मिलने पर जब नजमा हॉस्पिटल गई तो डॉ. बृजेंद्र ने उसकी पूर्व में कराई गई जांचों को देखते ही उसे ऑपरेशन थिएटर में ले गए और तत्काल ऑपरेशन कर पित्त की थैली को शरीर से अलग कर नया जीवन दिया। नजमा ने ग्वालियर में इलाज के नाम पर करीब 26 हजार रुपए खर्च कर दिए थे और ऑपरेशन के लिए रुपए अलग से देने पड़ते, लेकिन श्योपुर में उसका एक रुपया भी खर्च हुए बिना ऑपरेशन हो गया। बीमारी की तकलीफ और परेशानी से जूझती नजमा और उसके परिवार के लिए यह ऑपरेशन किसी चमत्कार से कम नहीं था।



### रेफरल सिस्टम पर लगने लगी लगाम

किसी भी तरह के ऑपरेशन के लिए अभी तक श्योपुर वासियों को कोटा, जयपुर या ग्वालियर पर निर्भर रहना पड़ता था। इनमें से 70 फीसद ऑपरेशन कोटा शहर में होते थे। राजस्थान में आयुष्मान योजना के तहत निशुल्क इलाज नहीं होता है इसलिए लोगों को सरकारी हॉस्पिटल में भी ऑपरेशन के लिए भारी कीमत भी चुकानी पड़ती थी। अब जिला अस्पताल में ही मेडिकल कॉलेज श्योपुर के सर्जन डॉ. बृजेन्द्र स्वरूप द्वारा सभी तरह के गंभीर से गंभीर ऑपरेशन किए जा रहे हैं। इन ऑपरेशनों के जिला अस्पताल में होने की वजह से रेफरल सिस्टम पर बहुत हद तक लगाम लगी है। जिला अस्पताल में ऐसा कोई दिन नहीं जाता जब डॉ. बृजेन्द्र स्वरूप किसी न किसी मरीज का ऑपरेशन नहीं करते हों।

### खुद बीमार पर मरीज का किया ऑपरेशन

जिस समय नजमा का ऑपरेशन डॉ. बृजेंद्र स्वरूप कर रहे थे उस समय वह खुद भी बीमार थे। स्टाफ ने बताया कि डॉ. बृजेंद्र को बहुत तेज बुखार था, जिसके चलते वह खड़े होने में भी असमर्थता जता रहे थे। ऐसी स्थिति में भी उन्होंने पेन किलर लेकर नजमा का सफल ऑपरेशन किया। हालांकि स्टाफ ने उनसे अनुरोध भी किया था कि मरीज का ऑपरेशन एक-दो दिन टाला जा सकता है, लेकिन डॉ. बृजेंद्र ने अपनी चिंता किए बगैर महिला का ऑपरेशन करना मुनासिब ही समझा।

## कारगिल दिवस पर भाजपा ने किया सैनिकों का सम्मान

# देश की बागडोर मजबूत हाथों में सेना का भी बड़ा मनोबलः शशांक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

वर्तमान में देश की बागडौर मजबूत हाथो में हैं और इन हाथों ने हमारी सेना को पूरी छूट दी हुई हैं, जिसके चलते दुश्मन हमारी ओर आंख उठाकर देखने में भी कई बार सोचने को मजबूर बना हुआ है। यह बात भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण ने कारगिल दिवस के अवसर पर आयोजित सैनिक सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि की हैसियत से संबोधन देते हुए कही।

शनिवार को भाजपा नगर मंडल द्वारा पीजी कॉलेज में कारगिल विजय दिवस पर व्याख्यान शाला का आयोजन किया गया जिसमें सैनिकों के अदम्य साहस और शोर्य को नमन करते हुए शहीदो को श्रृद्धांजलि दी गई। इस मौके पर सैनिकों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए भाजपा जिलाध्यक्ष शशांक भूषण ने कहा कि वर्तमान में देश की बागडौर मजबूत हाथो में हैं जिन्होंने हमारी सेना को पूरी छूट दे रखी हैं, कि अगर हमारे देश की तरफ कोई आंख उठाए तो उसकी आंखे निकाल ली जाये, जिसका उदाहरण हाल ही में आपरेशन सिंदूर के तहत पूरी दुनिया ने देखा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीति है आतंकवाद पर जीरो टॉलरेंस, जिसमें कोई समझौता नहीं हैं, हमारा देश पूरी तरह सुरक्षित हैं। कार्यक्रम का संचालन नगर मंडल महामंत्री कौशल शर्मा एवं आभार भाजपा नगर मंडल के अध्यक्ष संजय मंगल ने प्रकट किया। कार्यक्रम को पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र जाट, जिला पंचायत उपाध्यक्ष नीरज जाट, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सरोज तोमर आदि ने भी सम्बोधित किया। इस मौके पर पूर्व सैनिक जगदीश शर्मा, वर्तमान सैनिक देवेन्द्रप्रताप सिंह जादौन सहित अन्य का स्वागत सम्मान किया गया। इस दौरान प्रमुख रूप से भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष संजय मंगल, नगर मंडल महामंत्री कौशल शर्मा, सत्यनारायण यादव, आशीष यादव, अंकित राठौर सहित बडी संख्या में कॉलेज के युवा मौजूद रहे।




### बड़ौदा में भाजपा युवा मोर्चा ने चलाया स्वच्छता अभियान

जिले के बड़ौदा कस्बे में शनिवार को सुबह 11 बजे कारगिल विजय दिवस के गौरवशाली 26 साल पूरे होने पर स्वच्छता अभियान चलाकर गौरव दिवस मनाया। इस दौरान बड़ौदा मुख्यालय स्थित बत्तीसा स्तंभ पर भाजपा युवा मोर्चा से जुड़े कार्यकर्ताओं ने झाड़ू लगाकर साफ—सफाई की।

## खबर संक्षेप

### पंप, होटल व गैस एजेंसी जांच, अनियमितता पर जब्ती व प्रकरण दर्ज

**शिवपुरी।** कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी के निर्देशानुसार जिला खाद्य विभाग द्वारा गतदिवस जिले के विभिन्न प्रतिष्ठानों में सघन जांच अभियान चलाया गया। जांच दल में जिला आपूर्ति अधिकारी तुलेश्वर कुर्रेए नापतौल निरीक्षक आरण्केण चतुर्वेदी तथा सहायक कर्मचारी नरेश यादव एवं अमित नीखरा शामिल रहे। जांच के दौरान तहसील नरवर में मेसर्स रघुवर दयाल किसान सेवा केन्द्र, सीहोर में कंपनी की ऑटोमेशन मशीन और टैंक स्टॉक में अंतर पाए जाने पर कुल 1152 लीटर पेट्रोल जब्त किया गया। मौके पर उपस्थित फर्म के मैनेजर कल्लाराम बघेल की उपस्थिति में आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3७7 के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किया गया। वहीं, मेसर्स बजरंग फिलिंग स्टेशन सीहोर की जांच में कोई अनियमितता नहीं पाई गई। इस दौरान पंप के प्रोपराइटर यशपाल सिंह परिहार एवं मैनेजर अजीत सिंह गुर्जर उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त कमल भारत गैस एजेंसी ग्रामीण मित्र की जांच में उपभोक्ताओं से गैस रिफि ल आपूर्ति में अधिक राशि वसूली की पुष्टि होने पर संबंधित एजेंसी के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया गया। यह कार्रवाई फर्म के मैनेजर बृजेश कुमार माहौर की उपस्थिति में की गई।

### भुगतान देयकों की प्रक्रिया में सुधार का प्रशिक्षण आयोजित

**शिवपुरी।** जिला कोषालय शिवपुरी द्वारा जिले के समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारियों तथा लिपिकों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आज शनिवार को ई.दक्ष केन्द्र पर आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम तीन पालियों में सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण में जिला कोषालय अधिकारी रश्मि राजावतए सहायक संचालक ऐश्वर्य शर्माए सहायक कोषालय अधिकारी नरेंद्र रघुवंशीए सहायक कोषालय अधिकारी बी एस सिकरवार एवं समस्त कोषालय परिवार प्रशिक्षक के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य जिले के समस्त शासकीय कार्यालयों में भुगतान देयकों की प्रक्रिया में सुधार लानाए वित्तीय अनियमितताओं को रोकना तथा कार्यप्रणाली में एकरूपता स्थापित करना रहा। प्रशिक्षण में जिला अधिकारी एवं कर्मचारियों को ऑनलाइन भुगतान देयकों को प्रेषित करने की विधिए ै-प्रोफाइल में परिवार नॉमिनेशन अपडेशनए ई.जीपीएफ से संबंधित नियमए विभिन्न प्रकार के देयकों में आवश्यक दस्तावेजों की स्कैनिंगए पेंशन संबंधी नियमों की जानकारी दी गई। कोषालय अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि आवश्यकता अनुसार इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम भविष्य में भी आयोजित किए जाते रहेंगेए जिससे सभी विभागों में वित्तीय कार्यों की पारदर्शिता बनी रहे और कपटपूर्ण भुगतान को रोका जा सके। साथ ही समस्त विभागों में देयक भुगतान प्रक्रिया में एकरूपता लाई जा सके सके।

### एक पेड मां के नाम कार्यक्रम के तहत जेल शिवपुरी में पौधरोपण

**शिवपुरी।** एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम अन्तर्गत पर्यावरण संरक्षण एवं हरीतिमा संवर्धन अभियान को मूर्तरूप देने के लिए सर्किल जेल शिवपुरी में गतदिवस पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर अपना घर आश्रम के संचालक रमेश चंद्र अग्रवालए आरण्सीण्आर्य जेल अधीक्षकए आरण्एसण पाण्डेय उप अधीक्षक तथा संपूर्ण स्टाफ एवं व्यक्तित्व परिष्कार शिविर के दल द्वारा जिला समन्वयक डॉण्पीण्केण्खरेए शम्भू दयाल पाठक एवं उनके साथ पधारे समाजसेवी के संयुक्त प्रयास से पौधरोपण किया गया। पौधरोपण के अंतर्गत पीपलए बरगदए नीमए जामुनए गुलमोहरए शीशमए अमलतासए कनेरए सहजनए आदि विभिन्न प्रकार के लगभग 100 पौधे लगाए गए। जेल अधीक्षक ने स्टाफ को पौधो की सुरक्षा हेतु शपथ भी दिलवाई गई। वृक्षारोपण कार्य वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न किया गया।

### कारगिल विजय दिवस और छात्र संसद का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

# मातृभूमि की रक्षा के लिए हर भारतवासी हर पल बना रहे तत्परः सेवानिवृत्त कर्नल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

देश के अमर शहीदों की शौर्यगाथा को स्मरण करते हुए सरस्वती शिशु मंदिर में कारगिल विजय दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। यह दिवस 26 जुलाई 1999 को भारतीय सेना की पाकिस्तान पर विजय की स्मृति में प्रतिवर्ष मनाया जाता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धर्म गुरु सेवानिवृत्त कर्नल महेश दत्त तिवारी एवं पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त एएसआई चन्द्रभान सिंह राजपूत ने उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और अभिभावकों को संबोधित किया। कारगिल युद्ध के प्रत्यक्ष दर्शी महेश दत्त ने बताया कि कारगिल युद्ध भारतीय सैनिकों की अद्वितीय वीरता, बलिदान और मातृभूमि के प्रति अगाध प्रेम का प्रतीक है।

यह दिन हमें सिखाता है कि मातृभूमि की रक्षा के लिए हर भारतवासी को सदैव तत्पर रहना चाहिए। उन्होंने शहीद सैनिक विजय सिंह के अद्भुत साहस का उल्लेख करते हुए बताया कि कैसे ऑपरेशन विजय के अंतर्गत उन्होंने अपने प्राणों की आहुति दी। महेश अग्रवाल ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पूर्ण होने पर पंच परिवर्तन के 2 मुख्य बिन्दुओं पर चर्चा करते हुए अपना जन्मदिन हिन्दू रीति से मनाना और पंच देव पूजन करने का आवाहन किया। कार्यक्रम में प्राचार्य सुनील कुमार मुडौतिया, आचार्य परिवार एवं समस्त भैया बहिन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विद्यालय में सम्पन्न हुए त्रिस्तरीय शिशु बाल एवं तरूण भारती के निर्वाचित के सभी पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण कराते हुए प्राचार्य सुनील कुमार मुड़ौतिया ने उनके कर्तव्य, दायित्व का बोध कराया।



#### गर्ल्स कॉलेज में मनाया गया कारगिल विजय दिवस



**बीना।** गर्ल्स कॉलेज में स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अंतर्गत कारगिल विजय दिवस मनाया गया। संस्था की प्राचार्य डॉक्टर चंदा रत्नाकर ने कारगिल शहीदों को श्रद्धांजलि एवं पुष्प अर्पित करते हुए कहा सैनिक जीवन देश प्रेम एवं राष्ट्र भक्ति का पर्याय है। कॅरियर प्रकोष्ठ प्रभारी डॉक्टर रश्मि जैन ने कहा सैनिक देश के रक्षक होते हैं। सैनिक का जीवन चुनौतियों से भरा होता है। डॉक्टर उमा लवानिया ने कहा सैनिक राष्ट्र के लिए समर्पित व्यक्तित्व है। आरती ठाकुर ने कहा सैनिक साहस समर्पण और बलिदान की प्रतिमूर्ति हैं। एक सैनिक सीमाओं पर तैनात रहकर देशवासियों को चैन की नींद सुलाता है। इस मौके पर कॉलेज स्टाफ एवं छात्राओं के द्वारा कारगिल सैनिकों को श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। इस अवसर पर सैनिक जीवन का महत्व विषय पर लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें प्रथम वेदिका पाठक, द्वितीय हरिओम ठाकुर एवं तृतीय स्थान पर पूनम अहिरवार रही। इसके अलावा प्रोत्साहन पुरस्कार सरोज कुशवाहा को दिया गया।

### लाखों का नुकसान, विधायक ने की आर्थिक मदद की घोषणा

# सबमर्सिबल पंप की दुकान में लगी भीषण आग, सामान जलकर खाक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

शहर के अंबेडकर तिराहा स्थित गुरूवार—शुक्रवार की दरमियानी रात अज्ञात कारण एक सबमर्सिबल पंप की दुकान पर भीषण आग लग गई। जिसे स्थानीय लोगों की मदद से बुझाई गई। आग से व्यापारी को लाखों का नुकसान हुआ है। इसके अलावा दुकान के बाजू में आटा चक्की को भी नुकसान हुआ है वहीं आग बुझाते वक्त एक व्यक्ति घायल भी हो गया है। वहीं आग की घटना की सूचना लगते ही विधायक निर्मला सप्रे मौके पर पहुंची और उन्होंने व्यापारी को ढांढस बंधाते हुए हर संभंव आर्थिक सहायता करने की बात कही है।

जानकारी अनुसार अंबेडकर तिराहा स्थित आगासौद रोड पर रजनीश जैन की सबमर्सिबल पंप की दुकान में भीषण आग लग गई। आग लगने से सूचना नगर पालिका की फायर लॉरी को दी गई। साथ ही स्थानीय लोगों ने आग को अपने स्तर पर बुझाने का प्रयास किया और आग पर काबू पाया गया। बाद में नगर पालिका की फायर लॉरी ने पूर्ण रूप से आग पर काबू पाया गया। लेकिन जब तक आग पर काबू पाया जाता तब तक दुकान में रखा सामान जलकर खाक हो गया। बताया जा रहा है कि आग लगने से व्यापारी को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है।

#### घटना स्थल पर पहुंची विधायक

घटना की सूचना मिलते ही विधायक निर्मला सप्रे मौके पर पहुंची। उन्होंने स्थिति का जायजा लिया, पीड़ित व्यापारी को ढांढस बंधाया और अपनी ओर से 50 हजार की सहायता राशि देने की घोषणा की। साथ ही विधायक ने प्रशासनिक अधिकारियों को शासकीय स्तर पर मुआवजा दिलाने की प्रक्रिया शीघ्र शुरू करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि व्यापारी वर्ग समाज की रीढ़ होता है और संकट की घड़ी में सरकार उनके साथ खड़ी है।



## कुत्तों के हमले से घायल हिरण के बच्चे को पहुंचाया वन विभाग

**बीना।** कुत्तों के द्वारा घायल किए गए हिरण के बच्चे को गौ सेवा दल के सदस्यों ने वन विभाग को सुपुर्द किया है। गौ सेवा दल सदस्य राजेंद्र यादव ने बताया कि स्थानीय लोगों के द्वारा सूचना मिली दी गई कि ग्राम कुरुआ के पास एक हिरण के बच्चे को कुत्तों के द्वारा घायल कर दिया गया। सूचना मिलने पर डायल 100 एवं गौ सेवा दल के सदस्यों के साथ मौके पर पहुंचे और कुत्तों के काटने से घायल हुए हिरण के बच्चे को मौके से उठाकर वन विभाग को सुपुर्द किया गया। इस अवसर पर गौ सेवा दल सदस्य राजेंद्र यादव, नितेश यादव, अनुराग जैन, मुन्नू राजपूत, नवदीप तिवारी, शुभम सेन एवं डायल 100 से पायलट अजय अहिरवार एवं आरक्षक धर्मेंद्र सिंह सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

# जब तक पर्यावरण सुरक्षित रहेगा, मानव जीवन भी सुरक्षित बना रहेगाः नंदराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की योजना अंतर्गत ग्राम पंचायत धंसरा में अंजनी जन कल्याण संस्थान समिति बीना द्वारा एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति धंसरा के सहयोग से हरियाली अमावस्या के अवसर पर नवांकुर सखी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पर्यावरण को सुरक्षित रखने के प्रति लोगों में जागरूकता लाने के लिए ग्राम में कलश यात्रा निकाली गई एवं सभी बहनों को 110 पौधों का वितरण किया गया। कार्यक्रम के अतिथि पूर्व सरपंच संग्राम सिंह ठाकुर, सरपंच प्रतिनिधि सुमित राय, कलेक्टर सिंह ठाकुर, अमृत सिंह यादव नंदराम प्रजापति, शिक्षक महेंद्र सिंह ठाकुर, वीरेंद्र यादव सभी का एक-एक पौधा देकर स्वागत किया गया। ब्लॉक, समन्वयक नीरज शर्मा ने नवांकुर सखी योजना की विस्तार से जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि माताएं बहनें अगर ठान ले तो गांव को हरा भरा बना सकती हैं। नवांकुर संस्था अध्यक्ष नंदराम कुशवाहा ने कहा कि जब तक पर्यावरण सुरक्षित रहेगा, मानव जीवन भी सुरक्षित रहेगा। अपना कर्तव्य समझकर प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में पौधा लगाना चाहिए। इस अवसर पर नर्मदी बाई ठाकुर, जमुना बाई, आरती रैकवार, मुन्नी बाई, नथी प्रजापति, भूरी बाई, उषा ठाकुर, राजकुमारी बाई एवं स्कूल के छात्र-छात्राओं सहित बड़ी संख्या में माताएं बहनें उपस्थित रही।



## राजा अम्बरीष ने अपना पूरा जीवन परमात्मा के चरणों में कर दिया था समर्पितः भक्त माली

**बीना।** पाठक वार्ड स्थित झूलेलाल मंदिर पर भक्तमाल कथा के तृतीय दिवस भक्त माली कुंज बिहारी दास ने बताया कि राजा अम्बरीष वैवस्वत मनु के पपौत्र और राजर्षि नाभाग के पुत्र थे। उन्होंने अपना पूरा जीवन परमात्मा के चरणों में समर्पित कर दिया था। पौराणिक कथा के अनुसार भगवान विष्णु को प्रसन्न करने के लिए उन्होंने पत्नी सहित एकादशी व्रत का नियम लिया था। व्रत पूरा करने पर जब वे उसका पारण करने लगे तभी महर्षि दुर्वासा वहां आ गए। राजा के भोजन की प्रार्थना स्वीकार कर वे यमुना तट पर स्नान के लिए चले गए। एकादशी का संकल्प लिया था। उनकी रक्षा के लिए भगवान विष्णु ने दुर्वासा ऋषि पर सुदर्शन चक्र चलाया था। दुर्वासा ऋषि सुदर्शन चक्र से बचने के लिए कहां-कहां नहीं गए किंतु उन्हें कहीं पर भी स्थान नहीं मिला। आखिर में उन्हें भक्ति की शरण में ही जाना पड़ा। तब राजा अम्बरीष ने सुदर्शन चक्र से निवेदन किया कि आप शांत हो जाओ, शांत हो जाओ तब जाकर सुदर्शन चक्र शांत हुआ।

# दुर्घटना मामले में 2.56 लाख रुपए ब्याज सहित देने का आदेश

### मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण शिवपुरी ने याचिका की स्वीकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण शिवपुरी ने सड़क दुर्घटना के एक मामले में दावा याचिका को स्वीकारते हुए राहत दी है। अदालत ने 2,56,805 रुपये छह प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से ब्याज सहित मुआवजा राशि देने के आदेश दिए हैं। याचिकाकर्ता ने मोटर वाहन अधिनियम 1988 के तहत याचिका दायर कीए जिसमें सात अक्टूबर 2023 को हुई एक मोटर दुर्घटना में उसे लगी चोटों के एवं में मुआवजा मांगा था। याचिका के तथ्यों के अनुसार याचिकाकर्ता रामनिवास कुशवाह उर्फ बंटी निवासी कोलारस पेशे से किसान है। वह 7 अक्टूबर 2023 को अपनी मोटरसाइकिल पर सवार होकर अपने खेत की ओर जा रहा था। तभी एक तेज रफ्तार ऑटो लोडिंग वाहन क्रमांक एमपी 33. एल. 2298 लापरवाही पूर्वक सामने से आ रहा था और उसकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। हादसे में याचिकाकर्ता को दाहिने हाथए पैर और घुटने में गंभीर फैक्चर हुआ था। उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। इसके बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस द्वारा मामले मे अपराध 353-2023 पंजीबद्ध किया गया। दलीलों के साथ याचिकाकर्ता ने मुआवजा देने की अनुमति देने का अनुरोध किया। पीड़ति की ओर से पैरवी संयुक्त अधिवक्ता टीम ने की। जिसमें अजहर उद्दीन काजी एडवोकेटए राशिद जाफरी एडवोकेटए सुशील बंस्कर एडवोकेटए विनोद धाकड़ एडवोकेटए राजू कुशवाह एडवोकेटए हेमंत कुशवाह एडवोकेटए और सौरव यादव एडवोकेट शामिल थे। अदालत ने दोनों पक्षों, गवाहों और पेश किए गए दस्तावेजों के आधार पर वाहन चालक एवं मालिक को क्षतिपूर्ति की राशि 2,56,805 रुपये मुआवजा ब्याज सहित याचिकाकर्ता को देने फैसला सुनाया। यह फैसला ट्रिब्यूनल के पीठासीन अधिकारी कौशलेंद्र सिंह भदोरिया द्वारा पारित किया गया।

# कर्मकांड वास्तव में जीवन जीने की कलाः अभिलाषी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

गायत्री शक्तिपीठ में चल रहे जिला स्तरीय श्रद्धा कौशल संवर्धन कार्यकर्ता आवासीय प्रशिक्षण शिविर के तीसरे दिन प्रवचन और उद्बोधन कैसे करें विषय पर चर्चा हुई। इस विषय लोगों को जानकारी देते हुए डॉक्टर अभिलाषी रमेश ने बताया कि किसी भी विषय पर प्रवचन करने के लिए प्रतिपाद्य विषय पर हमारी गहन श्रद्धा होना चाहिए। जिस विषय के बारे में बोल रहें हैं, उस विषय का गहन अध्ययन होना चाहिए। जितना ग्रहण उनके बारे में कर पाएंगे, समझ पाएंगे, उस पर उतनी ही वजनदारी से हम उसका प्रतिपादन कर सकते हैं। वक्ता की वाणी में शक्ति तब आती है जब विषय पर वक्ता बोलता है।

कर्मकांड के महत्व पर प्रकाश डालते हुए डॉक्टर अभिलाषी ने बताया कि कर्मकांड वास्तव में जीवन जीने की कला है, धर्म तंत्र से लोक शिक्षण है। मनुष्य में देवत्व और धरती पर स्वर्ग के अवतरण की सशक्त प्रणाली है और इसको वास्तव में देखा जाए। जो मनुष्य के अहंकार को गलाने की ज्वलंत भट्टी है। जीवन की हर घटना एक कांड है। लेकिन उसके पीछे सत्कर्म करने की प्रेरणा भर देने का नाम कर्मकांड और यही वर्तमान समय की सार्थकता है। व्यक्ति धर्म के क्षेत्र में केवल लकीर पीटता हुआ चला जा रहा है, मनुष्य जीवन को सार्थक बनाया जा सकता है इसलिए धर्म तंत्र से लोक शिक्षण के सही प्रतिपादन के लिए परम पूज्य गुरुदेव श्री राम शर्मा आचार्य के साहित्य का अध्ययन करना अनिवार्य है।



## रक्षाबंधन पर्व पर रीवा-रानी कमलापति-रीवा के मध्य चलेगी स्पेशल ट्रेन

**बीना।** रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर यात्रियों की सुविधा के लिए रीवा-रानी कमलापति-रीवा के मध्य एक-एक ट्रिप सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है। जो बीना स्टेशन पर रूकेगी। भोपाल मंडल जनसंपर्क अधिकारी अनुसार ट्रेन नंबर 02190 रीवा-रानी कमलापति सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन शुक्रवार 8 अगस्त को रीवा स्टेशन से दोपहर 12:30 बजे प्रस्थान कर, 1:20 बजे सतना, 1:50 बजे मैहर, 2:50 बजे कटनी मुड़वारा, शाम 4:10 बजे दमोह, 5:15 बजे सागर, 6:45 बजे बीना, 7:50 बजे विदिशा एवं रात्रि 9:15 बजे रानी कमलापति स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार ट्रेन नंबर 02189 रानी कमलापति-रीवा सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन शुक्रवार 8 अगस्त को रानी कमलापति स्टेशन से रात्रि 10:15 बजे प्रस्थान कर, 11:08 बजे विदिशा, अगले दिन मध्य रात्रि 12:20 बजे बीना, रात 1:30 बजे सागर, रात 2:40 बजे दमोह, सुबह 4:10 कटनी मुड़वारा, 5:35 बजे मैहर, 6:15 बजे सतना और सुबह 7:20 बजे रीवा स्टेशन पहुंचेगी।



## नवांकुर सखी लाएगी हरियालीः नपा उपाध्यक्ष

**शिवपुरी।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड शिवपुरी के सिरसौद सेक्टर अंतर्गत नवांकुर सखी कार्यक्रम अंतर्गत सेक्टर स्तरीय हरियाली कलश यात्रा का आयोजन किया गया। आयोजन नवांकुर संस्था जतन उजाला सेवा संस्था द्वारा किया गया। इसमें मुख्य अतिथि सरोज रामजी व्यास उपाध्यक्ष नगर पालिका, विशिष्ट अतिथि डॉ रीना शर्मा जिला समन्वयक, राधा भार्गव वरिष्ठ कार्यकर्ता महिला सशक्तिकरण, अशोक शर्मा अध्यक्ष नवांकुर संस्था जतन उजाला सेवा संस्था प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए डॉ रीना शर्मा द्वारा नवांकुर सखी हरियाली कलश यात्रा कार्यक्रम के बारे में विस्तृत वर्णन किया गया। यह म प्र के मुख्यमंत्री एवं मप्र जन अभियान परिषद के अध?यक्ष डॉण मोहन यादव का नवाचारी कार्यक्रम नवांकुर सखी.हरियाली कलश यात्रा अभियान मे नवांकुर सखि पर्यावरण संरक्षण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इस आयोजन के अंतर्गत प्रत्येक सेक्टर में 100 महिलाएं नवांकुर सखी के रूप में पंजीकृत की गई हैं। ये नवांकुर सखियां 11 बीज रोपित एवं अंकुरित पौध रोपित थैलियों के माध्यम से अपने घर की बगिया में पौधे विकसित करेंगी। मप्र जन अभियान परिषद की इस नवाचारी पहल से प्रदेश के प्रत?येक विकासखंड में 5500 पौधे तैयार होंगे। विकसित पौधों को रोपण लायक होने की स्थिति में एक पेड़ माँ के नाम अभियान में शासकीय या निजी भूमि में परिवार महत?व के अवसरों पर रोपित किया जायेगा। ये पौधे एक पेड़ माँ के नाम अभियान में आगामी समय में रोपित होंगे।

### श्रीकृष्ण की सुंदर झांकी सजाई, भजन-कीर्तन किए, जानकी दीदी ने कहा-

# 'हरियाली अमावस्या प्रकृति पूजन और शुद्धि का पर्व'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

ब्रह्माकुमारीज़ के खिमलासा सेवाकेंद्र पर हरियाली अमावस्या के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें महिलाओं को पौधे वितरित कर पर्यावरण की सुरक्षा का संकल्प दिलाया गया। साथ ही श्रीकृष्ण की सुंदर झांकी सजाई गई। महिलाओं ने आरती कर भजन-कीर्तन किए।

इस मौके पर सेवा केंद्र प्रभारी बीके जानकी दीदी ने कहा कि मनुष्य और प्रकृति का रिश्ता गहरा है। हरियाली अमावस्या प्रकृति पूजन और आध्यात्मिक शुद्धि का पर्व है। जैसे धरती में हरियाली से चारों ओर उमंग-उत्साह, प्रसन्नता का माहौल रहता है, वैसे ही आत्मा को भी शांति, प्रेम, करूणा और संतोष जैसे गुणों की जरूरत होती है। जब आत्मा इन गुणों की महसूसता करती है तो जीवन में आनंद, सुख आता है। उन्होंने कहा कि हरियाली अमावस्या के दिन पौधे लगाना और वर्षा ऋतु का स्वागत करना, प्रकृति के प्रति आभार जताने का एक रूप है। आध्यात्मिक दृष्टि से यह हमें देने की भावना और अपनाने की प्रेरणा देता है। इस दौरान सभी को राजयोग मेडिटेशन से गहन शांति की अनुभूति कराई गई। कार्यक्रम के दौरान बीके गुड्डी दीदी, कुमारी निधि सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं।

